समाचार

# 04 अगस्त को वार्ड क्र. 03, 12, 23, 36, 42, 51, 56, 64 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 03 अगस्त 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 04 अगस्त बुधवार को वार्ड क्र. 03, 12, 23, 36, 42, 51, 56, 64 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 04 अगस्त बुधवार को वार्ड क्र. 03 राताखार सामुदायिक भवन टावर चौक, वार्ड क्र. 12 शारदा विहार सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 23 कृष्णानगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 36 परसाभांठा स्कूल के पास सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 42 रूमगरा स्कूल के सामने, वार्ड क्र. 51 लाटा स्कूल, वार्ड क्र. 56 जेठूदफाई सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 64 घुड़देवा बस्ती पण्डाल के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी। योजना के अंतर्गत अभी तक निगम क्षेत्र में 1534 शिविरों के माध्यम से 79658 व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा चुका है।